तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

11 हजारों ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्ट्रेट पहुंच बुलंद की...



12 आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर



फिंगेश्वर से शुरू होगा विधायक रोहित का जनसंपर्क दौरा आज से

फिंगेश्वर। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम के विधायक रोहित साहू 1 अक्टूबर को फिंगेश्वर एवं आसपास के क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। विधायक के दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह राजिम स्थित निवास से फिंगेश्वर के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे राजिम माता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिंगेश्वर में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक रोहित साहू शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, फिंगेश्वर में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे। दोपहर 3 बजे विधायक नगर से ग्राम भसेरा, विकासखंड फिंगेश्वर के लिए रवाना होंगे। वहां 3:20 बजे नंदेश्वर शिवशक्ति महिला समूह द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे विधानसभा क्षेत्र में दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

किसानों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा, नुकसान का आंकलन कराकर मुआवजा देंगे

बाढ़ के पानी के साथ पहुंची रेत से पटे खेत, विधायक साहू ने पोखरा और हथखोज में देखी फसल की दुर्दशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण किसानों की नुकसान हुए फसल का जायजा लेने के लिए विधायक रोहित साहू ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने ग्राम पोखरा और हथखोज पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित खेतों और नदी में उतरकर बारीकी से निरीक्षण किया। बाढ़ के तेज पानी और मलबे के कारण किसानों के कई एकड़ उपजाऊ खेत पूरी तरह रेत से पट चुकी है। फसलों का नुकसान हुआ है।

किसानों की पीड़ा को नजदीक से समझने के लिए विधायक रोहित साहू जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों के साथ खेतों में उतरे। उन्होंने रेत से पटे खेतों और नदी के जलस्तर वाले क्षेत्रों का पैदल चलकर मुआयना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक ने पूरी गंभीरता से उनकी बातें सुनीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर उचित मुआवजा और राहत राशि दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पूरी तरह से अन्नदाताओं के साथ खड़े हैं। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों और किसानों से विधायक रोहित साहू ने कहा कि अन्नदाताओं की मेहनत और उनकी फसल का नुकसान हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। यहां आकर खेतों की वास्तविक स्थिति और बाढ़ से हुए नुकसान को देखा है। आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी। आपकी हर समस्या का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।





ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, सरपंच पोखरा डॉ. सियाराम साहू, सरपंच हथखोज बलराम निषाद, श्याम अग्रवाल,मुकेश साहू, संतोष साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजू पटेल, राजेश परमार, राजकुमार साहू, नरेंद्र निषाद, रोशन साहू, किशन साहू, तेजराम निषाद,जल संसाधन ई एस के बर्मन, कृषि विभाग संचालक चंदन राय,राजस्व निराक्षक, पटवारी, पीडब्लूडी इंजिनियर सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहे।



विभाग स्तरीय विज्ञान गणित मेले का समापन

गरियाबंद। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना के अनुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राजिम विभाग का विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं गणित मेला इस वर्ष 27 सितम्बर 2026 से 29 सितम्बर 2026 तक आयोजित किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद जिले से कुल 383 छात्र- छात्राएं एवं संरक्षण शिक्षक- शिक्षिकाएं शामिल हुए। विज्ञान एवं गणित मेले के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्श मॉडल, पत्रवाचन, प्रश्नमंच, प्रयोग सहित अनेक प्रतियोगिताओं में ⏭शेष पेज 10 पर

■ तीन जिलों के 383 विद्यार्थियों ने लिया भाग

आज के बच्चे ही भविष्य के वैज्ञानिक

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के बच्चे ही भविष्य के वैज्ञानिक हैं। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और प्रयोगधर्मिता को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजन भविष्य में देश को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यही प्रतिभाएं आगे चलकर भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान देंगी। तीन दिवसीय विज्ञान एवं गणित मेले के समापन अवसर पर व्यवस्थापक सत्यप्रकाश मानिकपुरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

कोपरा, तर्रा और कुरूसकेरा में भी किया निरीक्षण

कोपरा। विगत दिनों क्षेत्र में हुई लगातार मूसलाधार बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण उत्पन्न बाढ़ और उससे हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू सीधे ग्राउंड जीरो पर उतरे। विधायक ने अपने सघन दौरे के तहत बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए कोपरा, तर्रा और कुरूसकेरा गांवों का दौरा किया और वर्तमान स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हुए नुकसान का प्रत्यक्ष जायजा लिया। दौरे के दौरान विधायक रोहित साहू के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, और विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विधायक ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि जलभराव और बाढ़ से



प्रभावित किसी भी नागरिक को राहत पहुंचाने में कोई ढिलाई न बरती जाए। प्रशासनिक टीम ने भी गांवों में पहुंचकर नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर विधायक रोहित साहू ने सीधे ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने पानी से घिरे घरों, डूबी हुई फसलों और रास्तों पर हुए नुकसान का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ⏭शेष पेज 10 पर

महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद। आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देवभोग वृत्त के अंतर्गत एक व्यक्ति के कब्जे से 19.500 लीटर महुआ शराब जब्त की है। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 3900 रुपए बताया गया है। आबकारी विभाग के अनुसार 29 सितंबर को देवभोग वृत्त की टीम ने कार्रवाई करते हुए नवागुड़ा निवासी बुटूराम यादव (54) पिता नागोराम यादव को अवैध रूप से महुआ शराब रखने के मामले में पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक हितेश कुमार के साथ आबकारी आरक्षक सूरज कश्यप, प्रीति सिंह, आबकारी वाहन ⏭शेष पेज 10 पर





खबर संक्षेप

वोट चोरी का आरोप लगा कांग्रेस भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही: यादव

मैनपुर। भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष संतोष यादव ने कांग्रेस पार्टी पर करारा हमला बोला है उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन और लगातार मिल रही हार से बौखलाकर जनता के बीच वोट चोरी के झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर केवल भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति कर रही है। भाजपा अध्यक्ष श्री यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर भाजपा को पूरा विश्वास है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बदनाम करना और बेबुनियाद आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत बन चुकी है। जब भी कांग्रेस को हार का डर सताता है, वह अपनी विफलताओं का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ने की कोशिश करने लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की विष्णु देव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।

शराब बेच रहे दो गिरफ्तार

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में बसना पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि छोटा नाला के पास ग्राम पथरला पास आरोपी तिलकराम बरिहा पिता सुंदरसिंह बरिहा जबलपुर और पिरदा मोड़ गोडमर्रा तालाब के पास विपिन यादव के कब्जे से शराब जब्त किया गया है।

निधन

टेसराम ठाकुर

रसेला। ग्राम रसेला निवासी



टेसराम ठाकुर 58 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। कुछ समय से वे बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी इन्द्रा,पुत्र तरूण, पुत्री हेमलता सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में परिजन, सामाजिकगण, और इष्ट मित्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

पेज 9 के शेष

कोपरा, तर्रा और...

शासन और प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। मीडिया से मुखातिब होते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन प्रभावितों की मदद के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, महामंत्री हेमंत वर्मा नगर पंचायत कोपरा के पार्षद प्रणय साहू, एल्डरमैन झामन साहू, दिलीप वर्मा, झाड़ू तारक, अजय साहू, दिनेश साहू, पूर्व अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महडिक, पुरेंद्र साहू, ग्राम पंचायत तर्रा के सरपंच प्रतिनिधि तुकेश साहू, कुरूसकेरा सरपंच कमल क्रांति राव, ग्वाल तारक, नोखे साहू ,नेपाल साहू, चेमन साहू, रिपु निर्मलकर, तेजराम पटेल ,पीयूष साहू, चम्मपु पटेल, बाली पटेल, गिरधारी तारक, विनोद पटेल, शेखर पटेल, लक्ष्मन पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विभाग स्तरीय विज्ञान...

उत्साहपूर्वक भाग लिया। भैया-बहनों ने अलग-अलग वैज्ञानिक एवं गणितीय विषयों पर आधारित मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता, प्रयोगात्मक सोच और विषय की समझ का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव सिंह हुंदल सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश मानिकपुरी व्यवस्थापक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकनाथ साहू ने की। मेले को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए 12 शिक्षक- शिक्षिकाएं निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। तीन जिलों से पहुंचे विद्यार्थियों और आचार्यों की सहभागिता से पूरा आयोजन ज्ञान, प्रयोग और प्रतिस्पर्धा के उत्साह से सराबोर रहा।

महुआ शराब के साथ...

चालक शैलेंद्र कश्यप, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम एवं कल्पना ध्रुव शामिल रहे। विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

अभनपुर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों के लिए भी हो बस्तर जैसी घोषणा: पूर्व मंत्री धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

प्रेस कांफ्रेंस में बाढ़ से हुए नुकसान को बताया, वास्तविक मुआवजा की रखी मांग

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने अपने कार्यालय 'संगवारी' में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि बस्तर के बाढ़ प्रभावित परिवारों की तर्ज पर ही अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रभावित परिवार को भी 10-10 हजार रुपये की अतिरिक्त राहत और वास्तविक क्षति का पूरा मुआवजा दिया जाए। श्री साहू ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भी महानदी और खारून नदी की बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। महानदी की बाढ़ से दुलना, तर्रा, नवापारा, पारागांव, कोलियारी, लखना, नवागांव, जौंदी, चम्पारण, सेम्हरा, टीला, छटेरा, बनचरौदा, निसदा और गोविंदा जैसे दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा खारून नदी की बाढ़ से मुर्रा, रवेली और आमदी सहित आसपास के गांवों में भी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ का पानी घरों में घुसने से घरेलू सामान और किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

राहत राशि वितरण में भेदभाव का आरोप : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 28 सितंबर को बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान शासन के प्रावधानों के अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा का स्वागत करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि यह राहत केवल बस्तर तक ही सीमित क्यों रहे? अभनपुर के बाढ़ पीड़ितों के साथ यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है? नवापारा शहर में लगभग 1000 परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, लेकिन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के दौरे के दौरान केवल कुछ चुनिंदा परिवारों जैसे नवापारा में 11 और दुलना में 2 परिवार को ही 5-5 हजार रुपये के चेक देना नाकाफी है।

प्रमुख मांगें रखीं और गंभीर लापरवाहियों पर सवाल उठाए

श्री साहू ने कहा कि अभनपुर क्षेत्र में गंभीर स्थिति के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई राहत शिविर नहीं लगाए गए। भोजन, पेयजल और चिकित्सा जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए लोगों को स्थानीय सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं पर निर्भर रहना पड़ा, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। सर्वे करने वाले कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश का हवाला देकर वास्तविक क्षति फसल, मकान, पशुधन आदि को रिपोर्ट में पूरा दर्ज नहीं किया जा रहा है।



ये भी रहे मौजूद

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुरेंद्र साहू,शिखरचंद बाफना, विक्की साहू, लालजी साहू, चंद्रहास साहू, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, हेमन्त साहनी, दीपाली राजपूत, गुड्डू मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, निर्माण यादव, अनूप खरे, रेखा तिवारी मौजूद थे।

नगर सहित ग्रामीण इलाकों में मच्छरो की संख्या बढ़ी

बारिश के बाद बढ़ा मौसमी बीमारियों का प्रकोप, अस्पतालों में उमड़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के बाद अब मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। क्षेत्र में इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया और टाइफाइड के मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम में बदलाव और जलभराव के चलते फैल रही बीमारियों के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, निजी क्लीनिकों और मेडिकल स्टोर्स पर सुबह से शाम तक मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

- जगह जगह पानी का जमाव होने से लोग परेशान

शासकीय अस्पताल और सीएचसी मैनपुर की ओपीडी में रोजाना दर्जनों मरीज बुखार और बदन दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। निजी क्लीनिकों और पैथोलॉजी लैब में भी खून जांच मलेरिया व टाइफाइड टेस्ट कराने वालों की लंबी कतारें लग रही हैं। आश्रम स्कूली छात्र सर्दी खांसी बुखार के शिकार हो रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या मे आश्रम के बच्चे इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे है। सर्दी खांसी और बुखार जल्दी ठीक भी नहीं हो रहा है। एक एक सप्ताह तक लोग परेशान हो रहे हैं। वही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के गली मोहल्लों में जगह जगह गड्ढों में जलभराव हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश के बाद जगह–जगह पानी जमा होने और नमी बढ़ने से मच्छरों का पनपना शुरू हो गया है। इसके चलते मलेरिया और दूषित पानी/भोजन के कारण टाइफाइड के मामलों में इजाफा हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर – बदलते मौसम के साथ ही क्षेत्र में सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया और टाइफाइड जैसी मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेंद्र ध्रुव लगातार दुरस्थ वनांचल के गांव तक पहुंचकर जहां आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दवा के भंडारण पर निर्देश दिए हैं।

परेशानी होने पर अस्पताल जाएं, पानी उबालकर पीएं

विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने क्षेत्रवासियो से अपील किया है कि मौसम में बदलाव के कारण बुखार, सर्दी और खांसी की समस्या आम हो जाती है। किसी भी प्रकार का बुखार या लक्षण दिखाई देने पर झाड़–फूंक या मेडिकल स्टोर से मनमजऐं की दवाएं लेने की गलती न करें। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपनी जांच कराएं। घरों के आसपास न होने दें जल का जमाव मलेरिया और डेंगू पैदा करने वाले मच्छरों के पनपने से रोकने के लिए घरों के आसपास, कूलर, पुराने टायरों और गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दें। रात में सोते समय अनिवार्य रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी बांह के कपड़े पहनें। टाइफाइड और पेट से संबंधी संक्रमण से बचने के लिए हमेशा स्वच्छ और उबालकर ठंडा किया गया पानी पीएं।



लघु वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों ने पोषक अधिकारी अशोक को दी विदाई

गरियाबंद। ग्राम परसुली स्थित लघु वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों ने वन परिक्षेत्र परसली में लंबे समय तक वनपाल एवं पोषक अधिकारी के रूप में सेवाएं देने वाले अशोक कुमार सिन्हा को उनकी सेवा के अंतिम दिन भावभीनी विदाई दी। समिति के सदस्यों ने श्रीफल और शाल भेंटकर उनका सम्मान किया तथा उन के कार्यकाल के दौरान किए गए योगदान को याद किया।

- सेवा के अंतिम दिन श्रीफल और शाल भेंटकर किया सम्मान
- सदस्यों ने वन सुरक्षा में योगदान को किया याद

इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम देवांगन ने कहा कि अशोक कुमार सिन्हा का कार्यकाल हमेशा प्रेरणादायक रहा। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने के साथ ही सदैव मुस्कुराते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली से समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को हमेशा सकारात्मक प्रेरणा मिली। संचालक सदस्य जीवन साहू ने कहा कि सिन्हा हमेशा वनों की सुरक्षा को लेकर गंभीर रहे। गर्मी के दिनों में जंगलों को आग से बचाने से लेकर अवैध कटाई पर रोक लगाने तक उन्होंने जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। वन संरक्षण के प्रति उनकी सक्रियता और सजगता को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

ये रहे उपस्थित

विदाई कार्यक्रम में समिति प्रबंधक डायमंड साहू, घनश्याम देवांगन, रूपेश सिन्हा, देवशरण यादव, बिसाहू ध्रुव, ललित कुमार ठाकुर सहित समिति के अन्य सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

पतोरा में किसानों एवं ग्रामीणों के लिए 'सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन' कार्यक्रम



फिंगेश्वर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्रके बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम पतोरा में किसानों एवं ग्रामीणों के लिए 'सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पतोरा के पंचायत परिसर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम के कृषकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी कृषि संबंधी समस्याओं, उपलब्ध संसाधनों और प्रचलित कृषि पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करना था। यह आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. लेखराम वर्मा और सह-समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार गौतम के नेतृत्व में कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंतल साटकर और डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

छात्रों द्वारा की गई प्रमुख गतिविधियाँ : कार्यक्रम के दौरान कृषि छात्रों ने ग्राम पतोरा की सामाजिक, आर्थिक एवं कृषि स्थिति का गहन सर्वेक्षण किया। ग्रामीणों के साथ मिलकर छात्रों ने संसाधन मानचित्र से गांव के प्राकृतिक और भौतिक संसाधनों का आकलन। मौसमी कैलेंडर से कृषि मौसम और फसल चक्र की जानकारी ली। समस्या वृक्ष कृषि एवं ग्रामीण स्तर पर आने वाली मुख्य बाधाओं की पहचान की गई। सामाजिक मानचित्र से गांव की सामाजिक संरचना और बसाहट का अध्ययन किया। इन व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को बहुत करीब से समझा और किसानों की समस्याओं से अवगत हुए।

तकनीकी मार्गदर्शन और कृषकों में उत्साह

कार्यक्रम के समापन सत्र में उपस्थित शिक्षकों ने किसानों को खेती की नई तकनीकी विधियों, उन्नत बीजों और समन्वित कृषि प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को समझाया कि इन आधुनिक तकनीकों को अपनाकर वे अपनी कृषि उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं और आय में वृद्धि कर सकते हैं।

99 लीटर शराब और 1315 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 99 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1315 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया है।

आबकारी वृत्त बसना क्षेत्र में ग्राम सुखापाली में कार्रवाई के दौरान टिके बाई रत्नाकर के कब्जे से चढ़ी भट्ठी में तैयार 07 लीटर महुआ शराब एवं 15 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इसी प्रकार ग्राम खुसरूपाली, थाना बसना में मोहपाल कोसरिया के मकान की तलाशी के दौरान प्लास्टिक डिब्बों में रखी 30 लीटर महुआ शराब एवं 900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इसी क्रम में ग्राम सलखंड के जंगल में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 45 लीटर महुआ शराब एवं 08 बोरियों में रखा 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। वहीं आबकारी वृत्त बागबाहरा अंतर्गत ग्राम सरायपाली-सुअरमाल में कमल प्रसाद टण्डन के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोकरामुड़ा थाना बागबाहरा में दोलोराम गोड़ के कब्जे से 07 लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

फिंगेश्वर में 'सेवा संकल्प अभियान': आंगन मिलन का उत्सव में शामिल हुए विधायक साहू





फिंगेश्वर। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 11 में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन का उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की सराहना की।

विधायक रोहित साहू के आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं, महिलाओं और बच्चों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को उत्सव के माहौल में सजाया गया था। विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्नों से स्नेहपूर्वक मुलाकात की, उनकी गतिविधियों का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने बताया कि यह अभियान समाज के अंतिम छोर तक विकास और जनहित की योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुँचाने के लिए समर्पित है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, सही पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल के महत्व पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की शुरुआती शिक्षा का केंद्र है और हमारे स्वस्थ और सशक्त भविष्य की नींव हैं। आंगन का उत्सव जैसे कार्यक्रम समाज में बच्चों के प्रति सकारात्मकता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करते हैं। राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित माताओं और गर्भवती महिलाओं से आग्रह किया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं और पौष्टिक आहार का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज के निर्माण के लिए कुपोषण मुक्त बचपन और स्वस्थ माताओं का होना बहुत जरूरी है।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू,पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश यदु,पूर्व जिला किसान मोर्चा मनीष हरित,पूर्व जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, उत्तम राजवंशी अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, जनपद सदस्यगण मंजू साहू, आशीष पाण्डेय,उमा साहू, रामेश्वरी,मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित, पूर्व अध्यक्ष मिंजून साहू, महामंत्री प्रेम टोडर, भुवन साहू, दशरथ सिन्हा,फनीकेश्वर नाथ महाविद्यालय अध्यक्ष राजू साहू, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, शांति कोसरे, पदमा यदु,भुनेश्वरी साहू राधेश्याम साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, वैभव नतथानी,पं. त्रिभुवन महाराज,होरी साहू,विकासखंड परियोजना अधिकारी जीतेन्द्र साव, पूर्णिमा श्रीवास, नम्रता वर्मा,हेमलता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता राजकुमारी सोनवानी, सहायिका सावित्री बंजारे महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कलेक्टर से तहसीलदार तक लगाई गुहार; अब गरियाबंद जाने की सलाह

आधार की मशीन के सामने बेबस मदन, व्यवस्था के दरवाजे पर अटका अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी है, लेकिन जब किसी जरूरतमंद के लिए आधार बनवाना ही सबसे बड़ी चुनौती बन जाए तो सवाल व्यवस्था पर उठना लाजिमी है। विकासखण्ड के अमलीपदर क्षेत्र के मुड़ागांव निवासी 30 वर्षीय दिव्यांग मदन नागेश के साथ कुछ ऐसा ही हो रहा है। बचपन में हादसे के बाद उनकी स्थिति और गंभीर हो गई। आज वे रोजमर्रा के कामों के लिए भी अपनी बुजुर्ग मां पर निर्भर हैं। मदन की मुश्किल तब और बढ़ जाती है, जब आधार बनवाने के लिए बायोमेट्रिक की प्रक्रिया सामने आती है।

- उंगलियों के निशान नहीं दे सकता दिव्यांग युवक

हाथों की स्थिति ऐसी है कि सामान्य तरीके से उंगलियों के निशान देना उनके लिए बेहद मुश्किल है। परिवार के मुताबिक, आधार बनवाने की उम्मीद में वे दो बार कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मदन और उनकी मां ने अमलीपदर तहसीलदार अनिल चंद्रवंशी से भी मुलाकात की। तहसीलदार का कहना है कि संबंधित विभाग से चर्चा कर ऑपरेटर को जानकारी दी गई है और मदन को गरियाबंद जाकर आधार बनवाने के लिए कहा गया है।

व्यवस्था पर उठे सवाल

जिस दिव्यांग युवक को घर से बाहर निकलने के लिए भी सहारे की जरूरत है, उसके लिए गरियाबंद तक पहुंचना कितना आसान होगा, यह सवाल उठ रहा है। परिवार का कहना है कि मदन की शारीरिक स्थिति को देखते हुए संबंधित विभाग को विशेष प्रक्रिया के तहत उनकी समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि उन्हें शासन की पात्र पेंशन योजना का लाभ मिल सके। वहीं, मामला सामने आने के बाद अब यह सवाल भी उठ रहा है कि अत्यधिक दिव्यांगता की स्थिति में आधार पंजीयन और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से क्या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए मदन नागेश का आधार संबंधी समाधान कराया जाए और पात्रता के अनुसार उन्हें पेंशन का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाए।

सियार ने सात लोगों को काटा, दहशत में लोग

महासमुंद। नगर में सियार ने अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक, सियार ने सबसे पहले शिवानंद कॉलोनी में घर के बाहर बैठी एक महिला को अपना निशाना बनाया। इसके बाद भाजपा कार्यालय के पास आयोजित एक निजी कार्यक्रम में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। घायलों में रायपुर से एक निजी कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए महासमुंद आए तीन लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इलाके में करीब 5 से 6 सियार होने की आशंका जताई जा रही है। घायलों में सुशीला सिंह (64) शिवानंद कॉलोनी निवासी, प्रेमलता पटेल (27) वार्ड नं 27 निवासी, आयुषी बीटीआई रोड निवासी, आकाश पंचतरू (24) सरोना रायपुर निवासी, लवेश निषाद (24) वार्ड नं 22 निवासी, जीवराखन यादव (51) नकटा रायपुर निवासी और राजेश राजपूत (39) सरोना रायपुर निवासी शामिल हैं। सभी का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। सियार के हमले के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है और वन विभाग से सियारों को पकड़ने की कार्रवाई की मांग की जा रही है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डा बसंत महेश्वरी ने बताया कि मंगलवार की शाम 7.30 बजे के आसपास 07 लोग सियार के काटने, नाखून लगने से घायल हुए थे ,जिनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल आज आएंगे राजिम

राजिम। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण



विकास मंत्री अमितेश शुक्ल गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राजिम में राजेश साहू के व्यक्तिगत कार्यक्रम में यादव धर्मशाला में शामिल होंगे। उसके बाद ग्राम किरवई में रामनाम सप्ताह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। पश्चात ग्राम बेलटुकरी में अखण्ड रामनाम सप्ताह के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक एथलेटिक्स मीट के लिए चयन 4 अक्टूबर को

राजिम। 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिये जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा चयन 4 अक्टूबर को कालेज खेल स्टेडियम में सुबह 9 बजे रखा गया है। जिसमें 14 व 16 वर्ष से कम दो आयु वर्ग में बालक-बालिका इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते है। इस चयन ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 14 से 16 नवम्बर को हैदराबाद में भाग लेंगे। जिसमें अंडर 14 वर्ष से कम 60 मीटर, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक। 16 वर्ष से कम 60 मीटर,80 एमएच,600 मीटर दौड़, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, खेल में भाग लेंगे। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र या 10वीं का मार्कशीट कोई एक अनिवार्य है। यह जानकारी एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर ने दी।

गांधी जयंती पर सेम्हरतरा-पीपरछेड़ी में दिनभर होंगे विविध कार्यक्रम

राजिम। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प माह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हरतरा-पीपरछेड़ी में 2 अक्टूबर को दिनभर विविध जागरूकता एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प दिलाना है। आयोजन सृजन ग्रुप, सेम्हरतरा एवं नव चेतना ग्रुप, पीपरछेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता के साथ ग्राम सभा में नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 10वीं तथा कक्षा 11वीं से कॉलेज स्तर के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के विषय नशे के दुष्परिणाम एवं नशे के कारण आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव रखे गए हैं। 8 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की थीम ह्नशे के खिलाफ जागरूकता, बचाव, रोकथाम एवं सावधानी का संदेश होगी। पीपरछेड़ी के ग्राम सदन में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

तीन किलोमीटर पहले से निकली विशाल रैली, विस्थापन का विरोध

हजारों ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्ट्रेट पहुंच बुलंद की जल-जंगल-जमीन की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कचना धुर्वा पैरी नदी ग्राम सभा फेडरेशन, बिंद्रानवागढ़ के नेतृत्व में बुधवार को 30 पंचायतों के ग्राम सभा प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और हजारों ग्रामीणों ने जल-जंगल-जमीन और ग्राम सभाओं के अधिकारों को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण करीब तीन किलोमीटर पहले से विशाल रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने विस्थापन का विरोध करते हुए पेसा एवं वन अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, हाथी प्रभावित गांवों की सुरक्षा और किसानों को उचित मुआवजा देने सहित विभिन्न मांगें उठाईं। कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले ही पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग की थी। इसके बावजूद ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। प्रदर्शन के बाद फेडरेशन की ओर से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए। खास बात यह रही कि जिला कलेक्टर स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए ज्ञापन लिया। उन्होंने जिला स्तर से संबंधित मांगों पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा शासन स्तर की मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

- पेसा-एफआरए के पालन, हाथी प्रभावित गांवों की सुरक्षा और मुआवजे की मांग



ग्राम सभा के अधिकारों को कागजी प्रक्रिया तक सीमित न रखने की मांग

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा और वन अधिकार कानून की भावना के अनुरूप वास्तविक क्रियान्वयन होना चाहिए। ग्राम सभा को केवल बैठक और कागजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि विस्थापन अथवा जंगल से जुड़े किसी बड़े निर्णय में ग्रामीणों को केवल सूचना देने के बजाय कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ग्राम सभा की भूमिका सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और संरक्षण दोनों के पक्षधर हैं, लेकिन संविधान और कानून के प्रावधानों की कीमत पर नहीं।

30 पंचायतों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

प्रदर्शन में फेडरेशन के उपाध्यक्ष नेपाल सोरी, उदेराम नेताम, रामसिंह ध्रुव, सचिव रामेश्वर कपिल, बलिराम नेताम, कोषाध्यक्ष उमेश दाऊ, प्रेमसाय जगत, जगतुराम ध्रुवा, गुजरात कमलेश, दिनेश नेताम, दिनेश ठाकुर, गूंजेश कपिल, उदराज सोरी, कृष्णा नाग, प्रकाश ठाकुर, शेवया दीवान, ममता मरकाम, हेमकुमारी नेताम, बिसनतिन बाई धुर्वा, तुलसी ध्रुव, ललित मरकाम, डोमार ध्रुव, लोकेश ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, दल्ला राम, जयसिंह नेताम, सुंदर नेताम, दौलत ठाकुर, मन्नू लाल, श्याम लाल, मकरध्वज पटेल, शिव धुर्वा, महेन्द्र नेताम, खेलन दीवान, देवन नेताम और रोहिदास यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम सभा प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

हाथी प्रभावित गांवों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि हाथियों की आवाजाही से प्रभावित गांवों में किसानों की फसल, मकान और आजीविका लगातार प्रभावित हो रही है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सौर प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त टॉर्च, सड़क किनारे साफ-सफाई और किसानों की सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाने चाहिए। उन्होंने जनहानि और फसल क्षति के मामलों में समयबद्ध एवं उचित मुआवजा देने की मांग की।

जमीन चिन्हांकन से पहले ग्रामसभा से चर्चा जरूरी

कचना धुर्वा पैरी नदी ग्राम सभा फेडरेशन के अध्यक्ष छबीराम नेताम ने कहा कि विस्थापित परिवारों को बसाने के लिए गांवों की जमीन चिन्हित करने से पहले संबंधित ग्राम सभाओं से विधिवत चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाएं अपनी जमीन देने के पक्ष में नहीं हैं। गांवों की जमीन और सामुदायिक संसाधनों से जुड़े निर्णय ग्राम सभा को विश्वास में लेकर ही किए जाने चाहिए। विस्थापन का समाधान कार्यालयों में बैठकर नहीं, बल्कि प्रभावित ग्राम सभाओं के साथ संवाद के माध्यम से निकाला जाना चाहिए।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को मारी टक्कर, सवार की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा नगर क्षेत्र में एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रेत खाली कर लौट रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार को आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, राजिम निवासी अख्तर अली, उम्र करीब 55 वर्ष दरगाह के पास रहते है। सुबह सब्जी लेने नवापारा आए हुए थे, जिसके बाद होटल में चाय पीकर राजिम वापस जाने निकले। मैडम चौक के पास रेत खाली कर लौट रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ट्रैक्टर चालक भी मौके से फरार हो गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी।

- रेत खाली कर लौट रहे वाहन से हादसा
- रेत परिवहन को लेकर उठे सवाल

दिन-रात हो रहा रेत से भरे वाहनों का परिवहन

हादसे के बाद क्षेत्र में रेत से भरे वाहनों के लगातार हो रहे परिवहन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रेत से जुड़े वाहनों की आवाजाही दिन-रात जारी रहती है। कई बार तेज रफ्तार से गुजरने वाले इन वाहनों के कारण सड़क पर चलने वाले लोगों में भय का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों ने रेत परिवहन में लगे वाहनों की रफ्तार, दस्तावेज, परमिट और यातायात नियमों की जांच की मांग उठाई है।

बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता एवं बहुकक्षा संचालन पर विशेष प्रशिक्षण



मैनपुर। जिला समग्र शिक्षा मिशन के सहयोग से आह्वान ट्रस्ट द्वारा मैनपुर विकासखंड में बालवाड़ी प्रभारियों तथा कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं में शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के साथ बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता एवं बहु–कक्षा संचालन को मजबूत करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, समान अवसर, विद्यालय में बालिकाओं की सहभागिता, नियमित उपस्थिति एवं सीखने की निरंतरता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। गतिविधि आधारित शिक्षण, समूह चर्चा एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में बहु–कक्षा संचालन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। शिक्षकों के साथ अलग–अलग कक्षाओं एवं सीखने के विभिन्न स्तरों वाले बच्चों के साथ एक साथ कार्य करने की रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया गया। बच्चों के सीखने के स्तर के अनुसार समूह निर्माण, गतिविधि आधारित शिक्षण, समय प्रबंधन, समूह कार्य तथा सभी बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

हर बच्चे को समान सीखने का मिले अवसर : कार्यक्रम के समन्वयक भुवेंद्र कुमार बघेल ने कहा कि बालिका की शिक्षा केवल उसके व्यक्तिगत विकास का विषय नहीं, बल्कि परिवार और समाज के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है। प्रत्येक बालिका को शिक्षा, सम्मान और अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल, विकासखंड स्रोत समन्वयक शिवकुमार नागे, जिला प्रशिक्षण समूह की सोनाली मड़ावी एवं दिनेश कुमार नेताम की सहभागिता रही।

समानता और सम्मान की भावना विकसित करें

विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की सीखने की नींव मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। बहु–कक्षा जैसी परिस्थितियों में शिक्षक बेहतर योजना और गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से सभी बच्चों को सीखने के समान अवसर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता को विद्यालय की दैनिक गतिविधियों का हिस्सा बनाकर बच्चों में समानता और सम्मान की भावना विकसित की जा सकती है। विकासखंड स्रोत समन्वयक शिवकुमार नागे ने कहा कि बहु–कक्षा संचालन में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अलग–अलग स्तर के बच्चों की आवश्यकताओं को समझकर समूह आधारित एवं गतिविधि आधारित शिक्षण अपनाने से कक्षा में प्रत्येक बच्चे की सहभागिता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त सीख को विद्यालय की नियमित शिक्षण प्रक्रिया में लागू करने का आह्वान किया।

धान की हरूना किस्म में आने लगी है बालियां

रसेला। अंचल में धान की हरूना किस्म में बालियां निकलना शुरू हो गई है। यह एक जल्द पकने वाली किस्म है,जिसकी कटाई दशहरा पर्व के आसपास हो जाती है, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही है। क्षेत्र के किसान हरूना में एक हजार दस, सिल्खी, मंजू और गोल्ड,साठिया जैसी जल्दी पकने वाली किस्मों की खेती करते हैं। किसानों ने धान की फसल में पत्ता मोड,ब्लाईट, तनाछेदक और माहु जैसी बीमारियों की शिकायत आ रही है। इन रोगों से फसल को बचाने के लिए किसान कृषि अधिकारियों से सलाह लेकर अपनी फसलों पर दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। क्षेत्र में फिलहाल निदाई खरपतवार निकालने काम भी चल रहा है। किसानों ने बताया कि खेती के लिए परिस्थितियां अनुकूल है, लेकिन मजदूरों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस वजह से कई किसान अभी भी खेतों में निदाई का काम करते दिख रहे हैं। कृषक केशुराम ध्रुव, टीकम सिन्हा, ठाकुर राम चन्द्राकार, तेजराम साहू,मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, प्रेमसिंह ठाकुर,रवि चन्द्राकार,राधे सेन, कुशल ध्रुव,जोहन भोई, कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी हरूना किस्मों में बालियां समय पर निकलना शुरू हो गई है।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर दिया गया जोर

छुईहा बेलर। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत चरौदा के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में बुधवार को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति ग्रामीणों एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाना रहा।

आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक पूनम श्रीवास ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं उचित पोषण की जानकारी देते हुए नियमित टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा छह माह की आयु पूर्ण कर चुके शिशुओं के अन्नप्राशन संस्कार की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चरौदा की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं स्थानीय हितग्राहियों का सम्मान किया गया। ग्रामीणों और अभिभावकों को बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।



'आंगन मिलन सेवा' के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं तथा आकर्षक साज-सज्जा की गई। खेल और अभ्यास के माध्यम से बच्चों में सीखने, बोलने, संकेतों को समझने तथा आपसी सहयोग की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

सकारात्मक आदत विकसित करने का दिया संदेश

साथ ही बच्चों के साथ संवाद कर उनमें स्वतंत्रता, अच्छे संस्कार और नियमित दिनचर्या के प्रति सकारात्मक आदतें विकसित करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल, प्राधिकृत अधिकारी ईतवारी सिन्हा, अनिता बंजारे, कार्यकर्ता द्रुज बाई साहू, लोकेश्वरी बंजारे,धनेश्वरी ध्रुव,मीणा, निर्मला,ईश्वरी खेमन,मोहनी,कुसूम ,भागवत सिन्हा,डिलेश्वरी सिन्हा उपस्थित थे।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में स्वच्छता चला अभियान

मैनपुर। गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग की वन परिक्षेत्र उदंती अधिकारी ज्योति ध्रुव ने स्कूली छात्राओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ज्योति ध्रुव ने दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के तरीके बताए और इसके फायदों से अवगत कराया। इसके साथ ही, बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। उन्होंने बालिकाओं को बिना किसी झिझक के सेनेटरी पैड के सही इस्तेमाल और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में समझाया। वन विभाग के इस प्रयास की स्थानीय ग्रामीणों और विद्यालय परिवार ने सराहना की है।

- स्कूली छात्राओं को किया गया जागरूक, सेनेटरी पैड का वितरण



जनसेवा की भावना से सड़क के गड्ढों को भरकर किया समतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छुरा से रसेला मार्ग पर रक्सी के पास बीच सड़क पर गड्ढे के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा को देखते हुए ग्राम रक्सी के निवासी जनपद सदस्य और भाजपा मंडल मलेवाअचल के महामंत्री नारायण सिन्हा और उसके सहयोगी ने जनसेवा की भावना से सड़क के गड्ढों को भरकर समतल कर बराबर करना उनके अपने क्षेत्र और जनता के प्रति समर्पण दिखाया।आने जाने वाले लोगों ने कहा कि यह एक सराहनीय और जनहित का कार्य है। जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे आकर इस तरह के जमीनी प्रयास करते हैं, तो इससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलती है और हादसों का खतरा भी कम होता है। अक्सर प्रशासनिक प्रक्रियाओं और बजट पास होने में समय लग जाता है, जिससे आम जनता को दुर्घटनाओं और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जनप्रतिनिधि द्वारा आगे आकर इस तरह का कार्य करना



एक बेहतरीन मिसाल है। यहां कार्य एक गड्ढे बराबर करना नहीं है, बल्कि हम सबका के लिए एक प्रेरणा है। हम सभी कार्य के लिए शासन प्रशासन के ऊपर आश्रित रहते हैं। छोटे छोटे कार्य को मिल जुलकर कर लेने से आसान हो जाता है।

आय व्यय,लेखा जोखा की जानकारी दी गई

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला की आमसभा

रसेला। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 का वार्षिक आमसभा 28 सितंबर को संस्था कार्यालय में आयोजित किया गया। इस आम जलसा में वित्तीय कार्यों की समीक्षा,बजट अनुमोदन,ऋण वसूली और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आमसभा की सभापति सरपंच रूपादेवी ठाकुर, अध्यक्षता किया नंदकिशोर यादव , विशेष अतिथि चेतन नागेश, परमेश्वर यादव, दयाराम नागेश,संतराम नेताम, कमलेश्वर नायक,विराट सिंह सहित आमंत्रित किसान मंच पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। समिति के विक्रेता मनोज कुमार नेताम ने समिति के वार्षिक वित्तीय वर्ष 23- 24-25 का लेखा जोखा का पाठन किया गया। जिसमें वर्ष 25 में कुल किसानों की संख्या 761 था। अब समिति



विभाजन के बाद कृषकों की संख्या 483 हो गई है। इस वर्ष कृषकों को समिति के माध्यम से 2 करोड़ 15 लाख 32 हजार रुपए का ऋण वितरित किया गया है। समिति में डिफाल्टर किसानों की संख्या 56 है। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि यहां समिति हम सब किसान की समिति है,इसे चलाने के लिए हम सब लेना है तो देना सीखना होगा। कृषक नंदकिशोर यादव ने कहा पहले किसानों को अपने फसल का वाजिब दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज तले दबे हुए थे,अब धीरे धीरे स्थिति सुधर रही है।

उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि सहकारिता किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। समितियों की सक्रियता से सहकारिता को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। संतराम नेताम और कमलेश्वर नायक ने कहा किसान हमारी सहकारी व्यवस्था के केंद्र में है, इसलिए समितियों को किसानों की आवश्यकताओं और हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए।

सभी अतिथियों ने संस्था की 50 वीं वार्षिक आमसभा के अवसर पर सभी सदस्यों, कर्मचारियों एवं कृषकगणो को शुभकामनाएं देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में संस्था के बेहतर संचालन और प्रगति की कामना किए। वार्षिक आमसभा का आयोजन संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसमें वित्तीय पारदर्शिता, आगामी कार्ययोजना और सहकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने को लेकर सामूहिक निर्णय लिए गए। इस मौके पर संस्था के सभी कर्मचारीगण, समिति क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के सभी कृषकगण उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

माँ घटारानी जमाही में 3 अक्टूबर से रामसत्ता का होगा आयोजन

छुईहा बेलर। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ग्राम जमाही घटारानी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ घटारानी की असीम कृपा से रामसत्ता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति जन जागरण महिला विकास समूह एवं समस्त ग्रामवासी जमाही के तत्वावधान में शनिवार, शाम 4 बजे से शुभारंभ होगी वहीं समापन विसर्जन रविवार, शाम 4 बजे होंगे। समीति से जुड़े सदस्य दूलारी सिन्हा ने कहा कार्यक्रम स्थल बजरंग चौक, ग्राम-जमाही घटारानी है। बताया कि इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों को विशेष आमंत्रित किया गया है।

भाषण प्रतियोगिता में परसदाकला की काजल ने हासिल किया प्रथम स्थान

छुईहा बेलर। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण



प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल फिंगेश्वर में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पसदाकला की प्रतिभावान छात्रा काजल साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाषण प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उउत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिताके लिए किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र बहल एवं अनिल ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, संकुल प्रभारी प्राचार्य लेखराम साहू, प्रधान पाठक टोकेश कुमार साहू, संकुल समन्वयक शिक्षक यवन साहू, संगीता साहू, जसवती टोडरे, मधुछंदा दास, गिरवर यादव, सीमा साहू, कुलेश प्रसाद साहू, अविनाश कश्यप, हरीश देवांगन, श्रीमती आरती कोसरे, सेबा अंजुम अंसारी,

सेवा संकल्प अभियान: जनपद पंचायत सभाकक्ष में लगा सेवा सेतु शिविर

आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि प्रशासन खुद उनके द्वार तक पहुंचे: रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनपद पंचायत के सभागार में 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया। विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना। आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध व त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

- विधायक साहू ने दिए चार नई राशन दुकानों के निर्देश
- तर्रा,किरवई,बासीन और खपरी में दुकानें खोलने के करें कार्यवाही

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और विभिन्न पंचायतों से आए नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया। शिविर के दौरान मंच से ही अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए विधायक साहू ने कहा कि शासन की मंशा स्पष्ट है कि आम जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यों या योजनाओं के लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि प्रशासन खुद उनके द्वार तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण की हिदायत दी।

ग्रामीणों को बड़ी सौगात: 4 नई राशन दुकानें और धान खरीदी केंद्र : क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए विधायक रोहित साहू ने फिंगेश्वर ब्लॉक में चार नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की घोषणा की। इसमें ग्राम तर्रा, किरवई, बासीन और लचकेरा का आश्रित ग्राम खपरी शामिल हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत बिजली में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने तथा आगामी खरीफ सत्र से आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर भी नए खरीदी केंद्र प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया।

विकसित भारत के निर्माण में जन-भागीदारी जरूरी: इंद्राणी साहू : कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि फिंगेश्वर जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए सभी से योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया।

आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम





राजिम। सरदार वल्लभ भाई पटेल पारा वार्ड क्रमांक 3 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेत्री शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय जन भागीदारी के अध्यक्ष सुश्री छाया राही, पार्षद जानकी पटेल, अखिलेष पूरी गोस्वामी, मरार पटेल समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल तथा नगर के समाज सेवी गायत्री साहू मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद आंगनबाड़ी के स्वस्थ बच्चों और उसके माता-को सम्मानित किया गया। साथ ही आगनबाड़ी में अतिथियो द्वारा फल भेंट कर गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सुश्री छाया राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा कार्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र और राज्य की जन कल्याण कारी योजनाओं को समाज की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, स्वच्छता, श्रमदान, समाज सेवा, वृक्षारोपण कर जन भागीदारी की भावना को बढ़ाने की दिशा में जोर दिया है। योगेश्वर गोस्वामी ने कहा कि आंगनबाड़ी के सभी बच्चे स्वस्थ और सुपोषित रहे इसके लिये पौष्टिक भोजन , स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता पर बल देने की बात कही।

पार्षद जानकी पटेल और समाज सेवी गायत्री साहू ने भी सभी महिलाओं को प्रोटीन युक्त भोजन करने का आग्रह किया। संचालन सोमनाथ पटेल एवं आभार व्यक्त रोशनी शिंदे ने किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोशनी शिन्दे, अन्नपुर्णा जोशी, गायत्री सोनकर, सहायिका ममता नागार्ची, सरोज सिन्हा, लाभार्थी महिलाओं में फुलेश्वरी धीवर, दुखनी नागार्ची, फुलेश्वरी यादव, जानकी यादव, सरस्वती पटेल, उर्वशी ठाकुर, लक्ष्मीन पटेल, मार्गेट बाग, दीप्ति पटेल, भारती पटेल, जमुना पटेल, कामनी पटेल सहित महिलाएं उपस्थित थी।



रानीपरतेवा में "आँगन मिलन सेवा" कार्यक्रम

मुड़ागांव(कोरासी)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम रानीपरतेवा में आँगनबाड़ी केंद्रों द्वारा संयुक्त रूप से "आँगन मिलन सेवा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं भाजयुमो गरियाबंद जिला महामंत्री पंकज निर्मलकर रहे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के सरपंच हेमलाल नेताम ने की। पूर्व सरपंच रामप्रसाद शांडिल्य, गौकरण मरकाम, पूर्व सरपंच केशरी नेताम, पंच निर्मला मरकाम, नरेश साहू, लक्ष्मी मरकाम, ग्राम विकास समिति के तेज कुमार साहू, डोमन निषाद सहित पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पंकज निर्मलकर ने सेवा संकल्प अभियान एवं आँगन मिलन सेवा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल के साथ माताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

घर-घर मुनगा, हर घर मुनगा पोषण स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

छुईहा बेलर। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड फिंगेश्वर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम पंचायत सेंदर के आश्रित ग्राम परसट्टी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रितु साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य पर कहा आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी माताओं, बच्चों, महिलाओं एवं समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य तथा महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी देना और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। 'मेरी पौष्टिक थाली' का प्रदर्शन कर संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के लिए पौष्टिक व्यंजनों की विधि का प्रदर्शन, स्वास्थ्य एवं पोषण आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, माताओं एवं सुपोषित बच्चों का सम्मान तथा बच्चों के लिए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में सामुदायिक सहभागिता से न्योता भोज आयोजित करने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर हितग्राही माताओं एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पोषण वाटिका के लिए पौधारोपण किया। साथ ही 'घर-घर मुनगा, हर घर मुनगा' अभियान के तहत मुनगा पौधे लगाने और इसके पोषण महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सेंदर की सरपंच गामिनी राकेश धृतलहरे, उपसरपंच तुलसी राम वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि खेमराज सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रितु साहू, सहायिका मोनिका ध्रुव सहित सुखांतीन, लीला, ओमेश्वरी, कौशल्या, केशर, धनेश्वरी, लोकेश्वरी, रामेश्वरी, कुमारी, विश्वासा एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



सहकारिता से किसानों की समृद्धि का मार्ग होगा मजबूत : चंद्रशेखर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित, श्यामनगर की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में समिति के प्रभारी व्यवस्थापक अमृत साहू द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समिति के कार्यों, किसानों को उपलब्ध सुविधाओं तथा सहकारिता के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व सोसायटी अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने कहा कि राजिम की समिति से पृथक होकर श्यामनगर में स्वतंत्र सहकारी समिति का गठन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में किसानों को अधिक से अधिक सहकारी समितियों से जोड़ने तथा छोटे-छोटे स्थानों पर समितियों का निर्माण कर सहकारिता व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

- श्यामनगर सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न

यह समिति किसानों की अपनी समिति है। इसका उद्देश्य किसानों को कृषि से जुड़ी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। समिति के माध्यम से किसानों को खाद एवं बीज के साथ शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण की सुविधा मिल रही है। सरकार द्वारा ब्याज में सहयोग दिए जाने से किसानों को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध हो रहा है। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खाद पर भी सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। बताया कि कृषक सेवा सहकारी समिति श्यामनगर के अंतर्गत श्यामनगर, बरोंडा, सिंधौरी एवं धुमा ग्राम आते हैं। इन गांवों में लगभग ग्यारह सौ किसान हैं तथा करीब पच्चीस सौ एकड़ कृषि भूमि है।

ये रहे उपस्थित

आमसभा में सभापति आश्रित साहू, जनपद सदस्य आशीष पांडेय,ग्राम विकास अध्यक्ष बृजलाल साहू, नारायण जांगड़े, लोकनाथ साहू, रोशन साहू, टिकेश साहू, कोमल साहू, संतराम वर्मा, सदाराम वर्मा,ताराचंद साहू,रामजी साहू,रामसिंह निषाद, हेमलाल वर्मा ,पलटन वर्मा, सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

नल-जल योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी अब ग्राम पंचायतों को

छुईहा बेलर। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण और रखरखाव की जिम्मेदारी अब ग्राम पंचायतों को सौंपने की तैयारी है। इसके लिए ग्रामीण नल-जल संचालन, संधारण एवं प्रबंधन नियम बनाने पर मंथन चल रहा है।

प्रस्तावित नियमों के अनुसार पंचायतों को हस्तांतरित नल-जल योजनाओं के संचालन, रखरखाव, विस्तार और नियंत्रण का अधिकार ग्राम पंचायतों के पास रहेगा। पंचायतें जलापूर्ति की समय-सारणी तय करने के साथ मासिक जल प्रभार की वसूली भी करेंगी। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाने तथा आवश्यकता पड़ने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई का प्रावधान प्रस्तावित है।

पानी की बर्बादी पर लगेगा जुर्माना

पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए भी प्रस्तावित नियमों में प्रावधान किए गए हैं। वाहन धोने, मवेशियों को नहलाने, टुल्लू पंप से पानी खींचने या कृषि कार्य में पेयजल का उपयोग करने पर पहली बार न्यूनतम 100 रुपये और दोबारा उल्लंघन पर न्यूनतम 500 रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। तीन माह तक जल प्रभार जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने का प्रावधान भी प्रस्तावित है। इसके अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा भू-जल के दोहन पर पूर्ण प्रतिबंध तथा पेयजल पाइपलाइन के पानी का औद्योगिक उपयोग रोकने का प्रस्ताव है।





शारदीय नवरात्र को लेकर रानी मां केरापानी में तैयारियां शुरू



रसेला। अंचल में स्थित रानी मां केरापानी व सभी देवी मंदिरों में आगामी शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। नवरात्र पर्व का प्रारंभ आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 11 अक्टूबर दिन रविवार से शुरू हो रहा है। इसको लेकर मुढ़ीपानी में रानी मां केरापानी सेवा समिति के साथ ग्राम रसेला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला मंदिर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। इसके लिए नवरात्र पर्व को लेकर साफ सफाई, रंग रोगन,साज सज्जा व अन्य प्रारंभिक तैयारी का काम शुरू हो गयी है। क्षेत्र में जगह जगह पूजा पंडालों का निर्माण शुरू हो गया है। दूसरी ओर मूर्तिकार शक्ति स्वरूपा भगवती को आकार देकर प्रतिमा को भव्य स्वरूप देने में दिन रात जुटे हुए हैं। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि कलश स्थापना पहले दिन 11 अक्टूबर को सुबह घटस्थापना की जाएगी, जिसके लिए शुभ मुहूर्त सुबह 06.31 बजे से 10.27 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.01 बजे से 12.49 बजे तक रहेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष चंदर सिंह कंवर, संयोजक जानूराम दीवान, पंडा दिलेश्वर दीवान, सलाहकार पटेल लोकराम यादव, घनश्याम साहू, नारायण सिंह ठाकुर, गोकुल राम ध्रुव, कमलेश्वर नायक,झवर अग्रवाल, कृष्णा साहू,बैगा मुशी राम ठाकुर, अभिमन्यु यादव,डायमन दीवान कुलेश्वर निषाद,लाल निषाद, जगदेव ध्रुव सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।